# डिजिटल लैब में स्केचिंग और कोडिंग सीख रहे ग्रामीण विद्यार्थी, कलेक्टर ने किया संवाद

## करियर और इंटरनेट उपयोग पर मिला मार्गदर्शन, बड़नगर अनुभाग का किया औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य केंद्रों और स्कूलों की व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा





**उज्जैन। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाई की क्या स्थिति है और शिक्षा के मद्देनजर चल रही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है या नहीं इसको लेकर उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने शुक्रवार को अलग-अलग स्थान का दौरा करके व्यवस्था है जानी, इस दौरान कलेक्टर ने छात्रों से संवाद भी किया।**

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट ने शुक्रवार को शहर और बड़नगर अनुभाग में विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्रावासों, विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों और पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

सबसे पहले कलेक्टर ने दो तालाब क्षेत्र स्थित आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित बालक महाविद्यालयीन छात्रावास, अनुसूचित जाति विकास विभाग के सीनियर बालक छात्रावास तथा छात्रावास क्रमांक 10 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बेंचों पर रंग-रोगन कराने, टीवी नियमित रूप से चालू रखने और सीसीटीवी कैमरों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। छात्रावासों में आरओ से पेयजल व्यवस्था, भोजनशाला की साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता तथा नाश्ता, दोपहर और रात्रि भोजन समय पर मिल रहा है या नहीं, इसकी जानकारी छात्रों से ली गई। छात्रों ने बताया कि उन्हें समय पर भोजन मिल रहा है और नियमित साफ-सफाई की जा रही है। इस दौरान कलेक्टर ने छात्रों से बोर्ड परीक्षा की तैयारी, करियर चयन और इंटरनेट के सकारात्मक उपयोग को लेकर संवाद कर मार्गदर्शन भी दिया।



इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया का निरीक्षण किया गया। यहां ओपीडी, दवा वितरण व्यवस्था और ड्यूटी चार्ट की जांच कर डॉक्टरों और स्टाफ की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों को नोटिस जारी करने के लिए बीएमओ को कहा गया। सभी प्रसव संस्थागत रूप से कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। अंत में इंगोरिया में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर विद्युत डीपी शिफ्ट होने के बाद निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बड़नगर पहुंचे कलेक्टर-पात्र बच्चों का स्कूल में कराए प्रवेश

इसके बाद कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने बड़नगर अनुभाग का औचक निरीक्षण किया। ग्राम चिकली में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएम श्री शासकीय एकीकृत विद्यालय और पंचायत भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया गया। आईसीटी लैब सह डिजिटल लाइब्रेरी तथा अटल लैब का अवलोकन करते हुए जानकारी ली गई कि स्केच जूनियर प्लेटफॉर्म के माध्यम से विद्यार्थी डिजिटल स्केचिंग सीख रहे हैं और उन्हें कोडिंग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर चिकली में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। संस्थागत प्रसव, एएनसी पंजीयन और दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी भी ली गई। पंचायत भवन और आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि 30 सितंबर तक 6 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी बच्चों के समग्र आईडी, आधार आईडी और जन्म प्रमाण पत्र बनवाना सुनिश्चित किया जाए तथा सभी पात्र बच्चों का स्कूल में प्रवेश कराया जाए।

# बालिका से अनैतिक कृत्य कर ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार



**उज्जैन। सड़क निर्माण कार्य में मजदूरी करने वाले युवक ने बालिका को बदनाम करने की धमकी देकर अनैतिक कृत्य किया और मोबाइल से वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। बालिका की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। जिससे मोबाइल फोन भी जब्तकिया गया।**

जीवाजीगंज क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में मजदूरी के लिए आए युवक ने कक्षा आठवीं में अध्ययन करने वाली बालिका को रास्ते में रोक बदनाम करने की धमकी दी और मोबाइल नंबर देकर बातचीत का दबाव बनाने लगा। बालिका विरोध का प्रयास किया लेकिन उसने जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। 18 फरवरी को बालिका स्कूल से घर लौट रही थी इस दौरान युवक उसे अपने साथ जबरदस्ती गणेश चौक से ऑटो में बैठाकर हरिफाटक ब्रिज के पास स्थित बंधन मैरिज गार्डन के समीप एक टीनशेड में ले गया, जहां उसके साथ जबरन गलत कार्य किया गया। आरोपी द्वारा घटना के दौरान मोबाइल फोन से फोटो एवं वीडियो बनाकर उन्हें वायरल करने की धमकी भी दी गई। आरोपी बालिका को उसके घर के पास छोड़कर फरार हो गया। साथ ही घटना की जानकारी बालिका ने परिजनों को दी। परिजन जीवाजीगंज थाने पहुंचे। पुलिस ने मामले में पास्को एक्ट और अनैतिक कार्य करने के साथ ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की और उसे हरिफाटक ब्रिज के समीप बंधन गार्डन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी करण दायमा उर्फ करण बंजारा पिता जगदीश दायमा 21 वर्ष निवासी शासकीय माध्यमिक विद्यालय के सामने, सुल्तानपुरा, आगर होना सामने आया है। उसके द्वारा बालिका के बनाए गए वीडियो और फोटो भी मोबाइल जब्त कर पुलिस ने लिए हैं। फिलहाल पूछताछ जारी है आरोपी को शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## एक नजर में



### ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण किया

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने शुक्रवार को जिले की ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। सिविल अस्पताल तराना में निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन अस्पताल भवन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए तथा वहां पर आयुष्मान कार्ड, प्रसूति अपडेशन कार्य, दस्तक अभियान द्वितीय चरण, सांस अभियान, सीएम हेल्पलाईन, संस्थागत प्रसव का अवलोकन, आयुष्मान कार्ड डिलेवरी अपडेशन दस्तक अभियान द्वितीय चरण, सांस अभियान, सीएम हेल्पलाइन. संस्थागत प्रसव, शतप्रतिशत गर्भवती पंजीयन, हाईरिक्स गर्भवती पंजीयन आदि जानकारी लेकर शत प्रतिशत प्रगति के लिए आवश्यक निर्देश दिए। क्षेत्र की समस्त गर्भवती महिलाओं का शतप्रतिशत एएन.सी. पंजीयन कर 04 एएनसी जांच शतप्रतिशत पूर्ण करने के लिए निर्देश दिये गये। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर उनका प्रसव पूर्व प्रबंधन करने के लिए निर्देश दिये गये। क्षेत्र की समस्त गर्भवती महिलाओं से निरन्तर समन्वय कर उनका संस्थागत प्रसव सम्पादित करवाने व डिलेवरी अपडेशन सहित अनमोल पोर्टल पर समस्त प्रकार की प्रविष्टि भी शतप्रतिशत पूर्ण करने के लिए निर्देश दिये गये। संस्था के अन्तर्गत सी.एम हेल्पलाईन पर दर्ज शिकायतों का अविलम्ब त्वरित निराकरण करने सहित हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को यथासमय लाभ पहुंचाये जाने के लिए भी निर्देश दिए गए। आयुष्मान भारत निरामयम योजना के अन्तर्गत समस्त पात्र नागरिकों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए निर्देश दिये गये। नियमित टीकाकरण के अन्तर्गत शिशुओं व गर्भवती महिलाओं का भी शतप्रतिशत टीकाकरण कर युविन पोर्टल पर प्रविष्टि करने के लिए निर्देश दिये गये। संस्था में भर्ती गर्भवती महिलाओं से चर्चा कर उनको प्रदान की जा रही सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर प्रसूता महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवायें एवं निर्धारित डाईट चार्ट अनुसार गुणवत्तापूर्ण पोष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीबीएमओ डॉ. प्रमोद अर्गल, जिला एपिडेमिलॉजिस्ट डॉ. आदित्य माथुर, डॉ. रवि बडाल, उप जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी चरण सिंह मंडलोई, इंजीनियर रितेश चौरसिया, अकाउंट मैनेजर विकास सिंह, बीपीएम मोनाली मालवीया, बीईई रामचरण भंवरासिया, देवी सिंह पवार एमई आईओ निधि नामदेव संगणक, श्रीकान्त जैन सपोर्ट स्टॉफ, हुकुम सिंह सोलंकी ऐव्हीडी आदि अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।

### मालीपुरा में 2 मार्च को अभा कवि सम्मेलन

उज्जैन। होलिका उत्सव की पूर्व संध्या पर शहर में एक बार फिर काव्य रस की फुहारें बरसने वाली हैं। मालीपुरा सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में आगामी 2 मार्च 2026 को 79वें अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के संरक्षक सत्यनारायण चौहान और अध्यक्ष राकेश चौहान ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतिष्ठित कवि सम्मेलन 2 मार्च की रात 9 बजे से मालीपुरा चौराहे पर आयोजित किया जाएगा। इस वृहद साहित्यिक आयोजन में देश के कई ख्याति प्राप्त कवि अपनी कविताओं और हास्य-व्यंग्य की रचनाओं का पाठ करेंगे। आयोजकों के अनुसार, मालीपुरा सांस्कृतिक समिति पिछले कई दशकों से इस साहित्यिक परंपरा का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही है। होलिका उत्सव से ठीक पहले होने वाले इस 79वें आयोजन को लेकर समिति द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। आयोजन समिति ने शहर के सभी प्रबुद्ध नागरिकों और साहित्य प्रेमियों से इस कवि सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर काव्य पाठ का आनंद लेने का अनुरोध किया है।

### नामावली : राजनैतिक दलों की बैठक आज

उज्जैन। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह ने जानकारी दी कि फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन शनिवार 21 फरवरी को किया जाएगा। इसके संबंध में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 21 फरवरी को दोपहर 2.30 बजे सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### पिछले चौबीस घंटों में 4.3 मिमी वर्षा



उज्जैन। पिछले चौबीस घण्टों के दौरान जिले में चारों और वर्षा हुई है। इस दौरान 20 फरवरी की प्रात: तक उज्जैन तहसील में 24 मिमी, घट्टिया में 0.5 मिमी, बड़नगर में 4.0 मिमी, महिदपुर में 7 मिमी, झार्डा में 2.0 मिमी और तराना में 1.0 मिमी, वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस तरह चौबीस घंटे में जिले में औसत 4.3 मिमी वर्षा हुई है।

## कवियों और साहित्यकारों के बीच हुआ गोष्ठी का आयोजन

उज्जैन। कवियों और साहित्यकारों के बीच गोष्ठी, चौपाल या संवाद जैसे नियमित आयोजनों से काव्य चेतना जीवंत रहती है और नई रचनाएं उभरकर सामने आती हैं। हास्य और व्यंग्य हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं। समाज, परिवेश और तकनीक के तेजी से बदलते इस दौर में भी शालीन हास्य-व्यंग्य का महत्व और उसका दौर हमेशा बना रहेगा। यह विचार मुंबई चौपाल के सुकवि, संचालक, फिल्म व सीरियल लेखक तथा केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के सदस्य सुभाष काबरा ने व्यक्त किए। वह गोवर्धन धाम में आयोजित अपने सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कवि सुभाष काबरा का स्थानीय साहित्यकारों और कवियों ने उनकी दीर्घकालीन रचनात्मक यात्रा के लिए शॉल, श्रीफल और अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। इस अवसर पर मुकेश जोशी, कवि अशोक भाटी, डॉ. पिलकेंद्र अरोरा, डॉ. हरीशकुमार सिंह, सुगनचंद जैन, शशांक दुबे, श्याम माहेश्वरी और पुष्कर बाहेती ने सुभाष काबरा का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान कवि सम्मेलनों की वर्तमान स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर सुभाष काबरा ने प्रख्यात व्यंग्यकार स्व. शरद जोशी के साथ मुंबई में बिताए अपने समय को याद किया और उनसे जुड़े कई रोचक संस्मरण श्रोताओं के साथ साझा किए। पुष्कर बाहेती ने प्रकाशित तीन पंचांग भी भेंट किए। संचालन डॉ. हरीशकुमार सिंह ने किया, जबकि आभार मुकेश जोशी ने माना।

# शहर में रिमझिम बारिश के बीच पुलिस ने किया फ्लेग मार्च



उज्जैन। रिमझिम बारिश के बीच शुक्रवार को पुलिस ने नए और पुराने शहर में फ्लैग मार्च किया। रमजान पर्व के साथ आगामी दिनों में होली रंग पंचमी के त्योहार पर कानून व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो चुकी है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस द्वारा सभी धर्म के पर्व और त्योहार शांति सद्भावना के साथ मनाए जाने की अपील की।

कानून व्यवस्था बनी रहे और सभी धर्म के लोग त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ मना सके इसके प्रयास पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार किए जा रहे हैं। वर्तमान में मुस्लिम समुदाय के पवित्र रमजान पर्व की शुरुआत हो चुकी है। आगामी दिनों में होली के साथ रंगपंचमी का त्योहार मनाया जाना है। जिसकी सुरक्षा व्यवस्था के साथ कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। गुरुवार सुबह बारिश के बीच 200 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवानों ने तोपखाना क्षेत्र से फ्लैग मार्च की शुरुआत की। 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही ठंडी हवा में पुलिसकर्मी वज्र वाहन, अश्वरोही दल, बीडीडीएस टीम (बॉम्ब डिस्पोज़ल एंड डॉग स्क्वॉड) तथा डॉग स्क्वॉड के सात संवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचे और त्योहारों को भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

### इन प्रमुख मार्गों से निकली पुलिस

फ्लैग मार्च तोपखाना से प्रारंभ होकर उपकेश्वर चौराहा, कसाईवाड़ा, गुदरी चौराहा, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, केडी गेट होते हुए जुनासोमवारिया पर समाप्त हुआ। इससे पहले पुलिस ने नए शहर के टॉवर चौक से फ्लैग मार्च की शुरुआत की और तीन बत्ती चौराहा, लोटी तिराहा, माधव नगर रेलवे स्टेशन, हनुमान नाका होते हुए हरिफाटक पर फ्लैग मार्च समाप्त किया।

### शराब के साथ जहर पीने के बाद भाई को किया कॉल

उज्जैन। दो दिनों से लगातार शराब पी रहे युवक ने गुरुवार शाम जहर भी शराब में मिलाकर पी लिया था। हालत बिगड़ने पर भाई को कॉल किया। युवक को अस्पताल लाया गया लेकिन रात में उसकी मौत हो गई। दाऊद खेड़ी में रहने वाला वीरेंद्र पिता भारत सिंह 30 वर्ष दो दिनों से आगर रोड स्थित शराब दुकान के आसपास घूम रहा था और नशा कर रहा था। बीती शाम उसने शराब के साथ जहर मिलाकर पी लिया। हालत बिगड़ने पर उसने भाई नरेंद्र को कॉल किया और जहर खाने की जानकारी दी। भाई अगर रोड पहुंचा और शराब दुकान के पास से वीरेंद्र को बेसुध हालत में निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां उपचार के दौरान रात में वीरेंद्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वीरेंद्र खेती किसानी का काम करता था और 2 बच्चों का पिता था। उसने मौत को गले क्यों लगाया इसकी वजह सामने नहीं आ पाई है। चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों के बयान और जांच के बाद ही घटना का कारण सामने आ पाएगा।

## निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया

उज्जैन। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा शुक्रवार को मार्ग चौड़ीकरण कार्य अंतर्गत खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट होते हुए बड़े पुल तक एवं शांति पैलेस चौराहे से नानाखेड़ा तक निगम द्वारा किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री मिश्रा द्वारा निर्देशित किया गया कि चौड़ीकरण के अंतर्गत कार्यों की गति बढ़ाई जाए साथ ही आयुक्त द्वारा नियमित रूप से कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए सतत रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। रात्रि में भी चौड़ीकरण के कार्यों पर अधिकारियों द्वारा मॉनीटरिंग की जा रही है। निगम आयुक्त के निर्देश पर रात्रि में भी कार्य सतत रूप से जारी है। उल्लेखनीय है कि शांति पैलेस चौराहे से नानाखेड़ा चौराहे तक लगभग 12.5 करोड़ की लागत से 45 मीटर चौड़े एवं लगभग 450 मीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है वर्तमान में स्ट्रांग वॉटर ड्रेन का कार्य किया जा रहा हैं। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री राजकुमार राठौड़, संबंधित कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहे।

## जीआरपी को ट्रेन में सवार युवकों के पास मिली हजारों की अवैध शराब

उज्जैन। ट्रेन में सवार तीन युवकों को आरपीएफ पुलिस ने सर्चिंग के दौरान हिरासत में लिया, युवकों के पास से हजारों रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। आरपीएफ की टीम ने तीनों को जीआरपी के सुपुर्द किया जहां मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। जीआरपी ने बताया कि इंदौर पटना ट्रेन में बैठे तीन युवकों के पास बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब होने की सूचना आरपीएफ टीम को मिली थी। ट्रेन में सर्चिंग के दौरान शुजालपुर के पास से तीनों युवकों को पकड़ा गया जिनके नाम पंकज, अंकित और राज रघुवंशी सामने आए। उनके बैग की तलाशी लेने पर अंग्रेजी शराब की बोतल भारी होना सामने आई। जिसकी कीमत 85 हजार के लगभग है। तीनों युवकों को हिरासत में लेने के बाद उन्हें उज्जैन जीआरपी के सुपुर्द किया गया।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार के अनुसार तीनों युवकों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। शराब के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पूर्व में भी ट्रेनों के माध्यम से शराब लाने ले जाने के मामले सामने आ चुके हैं। विदित हो कि अब तक सड़क मार्ग से ही अवैध शराब परिवहन के मामले सामने आ रहे थे। धार्मिक नगरी में शराब पर प्रतिबंध लगा होने के बाद से शहरी सीमा में शराब लाने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है और धरपकड़ की जा रही है। इसी के चलते अवैध शराब मामलों में लिप्त मामलों में लिफ्ट लोगों द्वारा अब लोगों द्वारा ट्रेनों का सहारा लिया जा रहा है।

## मंदसौर से गिरफ्त में आया पैरोल पर गया फरार बंदी

**उज्जैन। केन्द्रीय जेल में 20 साल की सजा काट रहा बंदी पैरोल पर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा था। बंदी के फरार होने पर उसकी गिरफ्तारी के लिये इनाम घोषित किया गया था। 3 माह बाद पुलिस ने फरार बंदी को मंदसौर से गिरफ्तार किया है।**

भैरवगढ़ थाना एएसआई जितेन्द्र गौसर ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट मामले में गोविंद पिता ईश्वर चौहान 42 साल निवासी ग्राम पावटी थाना गरोठ, जिला मंदसौर को न्यायालय ने 20 साल की सजा सुनाई थी। आरोपी गोविंद केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में सजा काट रहा था। 1 नवम्बर 2025 को उसे पैरोल पर 15 दिनों के लिये रिहा किया गया था। पैरोल अवधि समाप्त होने पर बंदी वापस नहीं लौटा था। जेल विभाग की ओर से उसके फरार होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में बंदी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। बंदी के बारे में जानकारी सामने नहीं आने पर उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। एएसआई गौसर के अनुसार 3 माह बाद 18 फरवरी की रात सूचना मिली कि फरार बंदी अपने घर आया हुआ है। तत्काल आरक्षक जीवन कटारिया और आरक्षक लक्ष्मीचंद के साथ मंदसौर पहुंचकर ग्राम पावटी थाना गरोठ क्षेत्र में दबिश दी गई। फरार इनामी बंदी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसे गुरुवार को उज्जैन लाया गया और दोपहर में न्यायालय में पेश किया गया। जहां बंदी को केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

**अब नगर भोज होगा** — **अनूठी पत्रिका बांटना शुरू, हल्दी-मेहंदी, संगीत और लग्न जैसी हर वो रस्म हो विवाह में होती है**

# उज्जैन में महाशिवरात्रि के बाद 26 को होगा महाकाल का रिसेप्शन, नगर में निकलेगी बारात

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाशिवरात्रि पर्व निपटने के बाद अब उज्जैन में 26 फरवरी को भगवान महाकाल का रिसेप्शन होगा। इस आयोजन की अनूठी पत्रिका भी छपाई गई है जो चिंतामन गणेश के दरबार में अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं में बांटना शुरू हो गई है। शिव-पार्वती के इस विशेष रिसेप्शन में नगर में बारात भी निकाली जाएगी। हल्दी-मेहंदी, संगीत व लग्नी जैसी हर वो रस्म की जाएगी जो विवाह में होती है। यह जानकारी देते हुए मंडल के महेंद्र कटियार, राजेश अग्रवाल, पं. रमण त्रिवेदी ने बताया कि यह आयोजन हर साल महाशिवरात्रि पर्व के बाद महाकाल शयन आरती भक्त मंडल के तत्वावधान में किया जाता है। इस महारिसेप्शन में नगरभर से हजारों श्रद्धालु महाप्रसादी लेने उमड़ेंगे। इस बार यह आयोजन नृसिंह घाट रोड कुमावत धर्मशाला के विशाल परिसर में शाम 4 बजे से रखा गया है।

### ऐसा रहेगा इस अनूठे शिव विवाह का शेड्यूल

25 फरवरी को गणेश पूजन, हल्दी-मेहंदी और महिला संगीत, 26 फरवरी को दोपहर 1 बजे से महिला संगीत, शाम 4 बजे नगरकोट से बारात, शाम 5 बजे शुभ लग्न, 26 फरवरी शाम 6 बजे से रिसेप्शन में महाप्रसादी शुरू। स्वागत महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी रमन त्रिवेदी और दिनेश पुजारी द्वारा किया जाएगा। रिसेप्शन के दौरान पहले बारात का स्वागत किया जाएगा फिर भक्ति संगीत शुरू होगा जिसमें भजन सम्राट किशन भगत, मनीष तिवारी और श्वेता जोशी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। बता दें कि शहर वासियों को शिवरात्रि पर्व के साथ ही बाबा के रिसेप्शन का भी बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है।

### पत्रिका में शिव परिवार, 33 करोड़ देवता

विवाह निमंत्रण के रूप में छपवाई गयी पत्रिका में दर्शनाभिलाषी रिद्धि-सिद्धि संग श्री गणेश और स्वागतातुर तैंतीस करोड़ देवी-देवता का उल्लेख कर इसे धार्मिक भाव से सजाया गया है। शहर के कई घरों और प्रतिष्ठानों में पीले चावल देने के साथ निमंत्रण पत्रिका बांटी जा रही है। महाकाल मंदिर में किसी भी धार्मिक आयोजन के लिए शहरवासी तन मन धन से समर्पित हो जाते हैं। चाहे वह सावन महोत्सव या भगवान महाकाल की शाही सवारी सभी आयोजन में शहरवासियों के साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालु भी समर्पित मन से ऐसे जुट जाते हैं। जैसे वह शहर के रहने वाले हैं।

